# भगवान महाकाल की प्रथम सवारी 3 अगस्त को निकाली जाएगी, शाही 7 सितंबर को

## कलेक्टर की अध्यक्षता में श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली भगवान महाकाल की सवारियों की पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न

**उज्जैन।** श्रावण-भादौ मास में भगवान महाकाल की सवारियां निकाली जायेंगी। श्रावण मास की प्रथम सवारी 3 अगस्त को निकाली जायेगी। भादौ मास में भगवान महाकाल की अन्तिम राजसी (शाही) सवारी 7 सितम्बर को निकाली जायेगी। श्रावण मास में चार सवारियां एवं भादौ मास में दो सवारियां निकलेगी। महाकालेश्वर मन्दिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में महाकाल मंदिर परिसर स्थित ग्रीन रूम के पीछे सभाकक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली भगवान महाकाल की सवारी के संबंध में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली सवारियों में श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था बेहतर और सुव्यवस्थित हो, श्रद्धालुओं को बेहतर और सुव्यवस्थित ढंग से भगवान महाकाल की सवारी के दर्शन हो सकें, ऐसा प्रयास किया जायेगा।

श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली सवारियों के क्रम में प्रथम सवारी सोमवार 3 अगस्त, द्वितीय सवारी सोमवार 10 अगस्त, तृतीय सवारी सोमवार 17 अगस्त, चतुर्थ सवारी सोमवार 24 अगस्त को श्रावण मास में निकाली जायेगी। इसी तरह भादौ मास में पंचम सवारी सोमवार 31 अगस्त तथा राजसी (शाही) सवारी सोमवार 7 सितम्बर को निकाली जायेगी।



भगवान महाकाल की सवारी मन्दिर के सभा मण्डप में विधि-विधान से पूजन-अर्चन उपरांत अपने निर्धारित समय से प्रारम्भ होकर महाकाल लोक, गुदरी चौराहा , बबाजार, कहारवाड़ी से होते हुए रामघाट शिप्रा तट पहुंचेगी। यहां सवारी का पूजन-अर्चन होने के बाद सवारी रामानुजकोट, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चोक, खाती समाज मन्दिर, सत्यनारायण मन्दिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा , छत्री चोक, गोपाल मन्दिर, पटनी बाजार, गुदरी बाजार होती हुई महाकाल मन्दिर में वापस आयेगी। राजसी (शाही) सवारी 7 सितम्बर को उपरोक्त मार्ग के अतिरिक्त टंकी चौराहा से मिर्जा नईमबेग, तेलीवाड़ा चौराहा , कण्ठाल, सतीगेट, सराफा, छत्री चोक, गोपाल मन्दिर, पटनी बाजार, गुदरी चौराहा होते हुए महाकाल मन्दिर पहुंचेगी।

### बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

तृतीय सवारी सावन सोमवार एवं नागचंद्रेश्वर दर्शन एक ही दिन होने की स्थिति में उस दिन की व्यवस्थाएं पृथक बैठक में निर्धारित की जाएंगी। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी सवारियों में जनजातीय सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियाँ सम्मिलित की जाएंगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक, नगर पालिक निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, एडीएम उज्जैन अतेंद्र सिंह, उज्जैन विकास प्राधिकरण सीईओ संदीप सोनी, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट, डिप्टी कलेक्टर एवं उप प्रशासक पवन बरिया, एसएन सोनी, सिम्मी यादव सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पट खुलने के समय में परिवर्तन रहेगा

श्रावण-भादौ मास में प्रतिदिन भगवान महाकाल की भस्म आरती 30 जुलाई से 7 सितम्बर तक प्रात :कालीन पट खुलने का समय प्रात: 3 बजे होगा। प्रत्येक सोमवार को भस्म आरती का समय प्रात: 2 .30 बजे होगा। भस्म आरती प्रतिदिन प्रात: 3 से 5 बजे तक और प्रत्येक सोमवार को 2 .30 से 4 .30 बजे तक होगी। इसी तरह 8 सितम्बर से पट खुलने का समय पूर्ववत होगा। कावड़ यात्रियों की व्यवस्था : श्रावण-भादौ मास के दौरान अत्यधिक संख्या में कावड़ यात्रियों का आगमन होना निर्धारित रहता है। उक्त आगंतुक कावड़ यात्रियों की जल अर्पण की व्यवस्था के लिए सप्ताह में 4 दिवस मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार की गई है।

### सामान्य दर्शन प्रवेश व्यवस्था

सामान्य दर्शन व्यवस्था श्रावण-भादौ मास में त्रिवेणी संग्रहालय के समीप से नन्दी द्वार, महाकाल महालोक, मानसरोवर भवन, फेसिलिटी सेन्टर-1, टनल मन्दिर परिसर, कार्तिक मण्डपम, गणेश मण्डपम से भगवान महाकाल के दर्शन दर्शनार्थी करेंगे। साथ ही नीलकंठ प्रवेश द्वार की ओर से आने वाले श्रद्धालु मानसरोवर भवन में प्रवेश कर फेसिलिटी सेन्टर-1 एवं टनल मन्दिर परिसर, कार्तिक मण्डपम, गणेश मण्डपम से दर्शन उपरांत (निर्माल्य द्वार) अथवा नवीन आपातकालीन निर्गम द्वार से सीधे बाहर के लिये प्रस्थान करेंगे। जल अर्पण की व्यवस्था महाकाल मंदिर के सभामंडप व कार्तिकेय मंडपम में जलपात्र के माध्यम से रहेगी।

---

### एक नजर में



## पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**उज्जैन।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन शाखा ने अहिल्या नगर स्थित दीप ज्योति सेवा उद्यान में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल उपस्थित रहे। डॉ. पटेल ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज सेवा के क्षेत्र में एसोसिएशन के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जनहितकारी अभियान समाज को प्रकृति बचाने के लिए प्रेरित करते हैं। डॉ. शुभम करोड़े ने बताया कि कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. निहित सिंह राणा, कोषाध्यक्ष डॉ. अपूर्व धारीवाल, डॉ. दिनेश इंडेरिया, डॉ. प्रिंस कुशवाह और डॉ. अर्चना कटारिया सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेते हुए समाज से भी इस दिशा में सक्रिय सहभागिता की अपील की।



## पूजन कर नीलकंठ मंदिर का किया निरीक्षण

**उज्जैन।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री और जूना अखाड़ा के मुख्य संरक्षक महंत हरि गिरि महाराज ने शनिवार को नीलगंगा स्थित जूना अखाड़ा का दौरा किया। यहां उन्होंने नीलकंठ महादेव और नील गंगा भवन स्थित सिद्ध बाबा शिवगिरी महाराज के समाधि स्थल पर पूजन-अभिषेक किया। महंत हरि गिरि महाराज ने निर्माणाधीन नीलकंठ महादेव मंदिर के कार्यों का इंजीनियरों के साथ सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जूना अखाड़ा के महंत रामेश्वर गिरी महाराज,इंजीनियर विनय पाटीदार और बंसल मुख्य रूप से मौजूद थे।

## श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ ट्रस्ट मण्डल के संयोजन भव्य चातुर्मास समारोह

**उज्जैन।** अरविंद नगर स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर पर इस बार चार माह तक धर्म आराधना व उपासना की गंगा बहेगी। पूज्यपाद आचार्य देव श्रीमद् विजय जितेन्द्र सूरीश्वरजी महाराज पूज्यपाद आचार्य देव श्रीमद् विजय वीररत्न सूरीश्वरजी महाराज के दिव्य आशीर्वाद से पूज्यपाद आचार्य देव श्रीमद् विजय पद्मभूषणरत्न सूरीश्वरजी महाराजा पंन्यास प्रवर श्री ऋषभरत्न विजयजी महाराज एवं साध्वीजी श्री भक्तिरेखा श्रीजी मसा का चातुर्मास आयोजित होगा। इसके लिए चातुर्मास समिति द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी प्रत्यक्ष में निमंत्रण दिया है जिस पर उन्होंने कहा कि मैं जरूर महोत्सव में शामिल होऊंगा।मंदिर परिसर के समीप भी इसके लिए भरत चक्रवर्ती मंडपम एवं प्रवचन आदि के लिए दो भव्य डोम तैयार किए गए हैं। एक 60 बाय 150 तो दूसरा 45 बाय 150 वर्ग फ़ीट का डोम बनाया गया है।

चातुर्मास समिति संयोजक अभय जैन मामा व मनीष कोठारी के अनुसार सम्राट विक्रमादित्य की गौरवशाली, प्राचीन अवंती की पुण्य एवं ऊर्जामयी धरा पर इतिहास का साक्षी प्रथम भव्य चातुर्मास आयोजित हो रहा है। जिसके लिए विभिन्न समितियां गठित की गई है। 15 जुलाई को आचार्य श्री व मुनि मंडल का भव्य चतुर्मासिक मंगल प्रवेश होगा जिसमें मालवांचल सहित कई प्रदेशों के गुरु भक्त शामिल होंगे। श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर ट्रस्ट मण्डल एवं श्री संघ अरविन्द नगर ने सभी श्वेतांबर जैन समाज जनों से चातुर्मास अंतर्गत होने वाले सभी कार्यक्रमों में शामिल होने का आग्रह किया है।

## पत्नी को मारी ईंट, साले ने चाकू से किया हमला

**उज्जैन। देसाई नगर में रात 12 बजे पति पत्नी के बीच विवाद हो गया। पति ने पत्थर से पत्नी का सिर फोड़ दिया। पत्नी के मायके वालों ने पति के साथ मारपीट की। घटनाक्रम में दोनों पति-पत्नी घायल हुए हैं जो साल भर से अलग रह रहे थे।**

अशोकनगर में रहने वाला भारत पिता मानसिंह जाटवा हार फूल की दुकान पर काम करता है। साल भर से उसकी पत्नी रानी दो बच्चों के साथ पारिवारिक विवाद के चलते अपने मायके देसाई नगर में रह रही है। दोनों के बीच तलाक को लेकर मामला भी चल रहा है। रात 12 बजे के लगभग भारत अपने बच्चों से मिलने के बहाने देसाई नगर स्थित ससुराल पहुंचा जहां उसने पत्नी बच्चों को बाहर बुलाया और विवाद करने लगा। विवाद के दौरान भारत ने बच्चों को मारने के लिए पत्थर उठा लिया बच्चों को बचाने के लिए पत्नी रानी बीच में आई तो उसका सिर फोड़ दिया। रानी के घायल होने पर उसका भाई राजेंद्र उर्फ बाबू आवाज सुनकर घर से बाहर आया और उसने भारत पर चाकू से हमला कर दिया। भारत और रानी के बीच विवाद होने पर उसके माता-पिता भी बीच बचाव के लिए आए थे इस दौरान भारत ने उनके साथ भी मारपीट की। फिलहाल भारत और उसकी पत्नी रानी घायल है जिन्हें उपचार के लिए चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस द्वारा दोनों के बयान दर्ज कर जांच की जा रही है। पत्नी का कहना था कि वह पति के साथ नहीं रहना चाहती है उसे तलाक चाहिए।

## चार माह बाद पुलिस की गिरफ्त में आया अवैध वसूली का आरोपी

**उज्जैन। महिदपुर थाना क्षेत्र के फकीर मोहल्ला में रहने वाले अब्दुल वहाब उर्फ अब्दुल्ला पिता मुजम्मिल शाह के साथ चार माह पहले 23 फरवरी को चार बदमाशों ने खुद को महिदपुर का किंग बताकर 10 हजार रुपयों करते हुए पाइप से मारपीट की थी।**

चारों बदमाशों निजाम उर्फ निजामुद्दीन शाह, शाहबुद्दीन शाह, मोईन शाह और मोईनउद्दीन शाह के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी, जिनकी धरपकड़ के प्रयास लगातार जारी थे। एक बदमाश को घटना के कुछ दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं दूसरा बदमाश निजाम उर्फ निजामुद्दीन 29 जून को अवैध शराब के साथ गिरफ्त में आ गया था। अब मामले से जुड़े तीसरे आरोपी मोईन शाह को चार माह बाद गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि चार माह बाद गिरफ्त में आये आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया गया था। जिससे पूछताछ के बाद शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल की सलाखों में भेजा गया है। आरोपी मोईन के खिलाफ पूर्व में भी जानलेवा हमला, गाली-गलौच, अवैध वसूली और आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज है। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में अब भी एक एक आरोपी फरार है। जिसकी गिरफ्तारी भी जल्द की जायेगी।

## बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर, युवक की मौत

- बड़नगर मार्ग पर शनिवार दोपहर सड़क दुर्घटना हुई थी

**उज्जैन।** बड़नगर मार्ग पर शनिवार दोपहर सड़क दुर्घटना हो गई बाइक सवार गंभीर घायल हुआ था उसे अस्पताल लाया गया जहां उपचार के दौरान रात में उसकी मौत हो गई।

इंगोरिया के ग्राम बलेड़ी में रहने वाला कमल पिता हेमराज चौहान 37 साल मिस्त्री का काम करता था। शनिवार को वह बाइक से उज्जैन आ रहा था इस दौरान ग्राम चिकली के समीप ढाबे के सामने उसे तेज गति से दौड़ती कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हुई। कमल गंभीर रूप से घायल हुआ था जिसे भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पहचान लिया और परिवार को सूचना दी। भाई दिनेश घटनास्थल पहुंचा और तत्काल कमल को उपचार के लिए उज्जैन लेकर आया। जहां निजी अस्पताल में कुछ घंटे चले उपचार के बाद रात में कमल की मौत हो गई। रविवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया परिजनों ने बताया कि कमल तीन बच्चों का पिता था। पुलिस ने दुर्घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से टक्कर मारकर मौके से भागी कार की तलाश शुरू की है। इधरनागदा के ग्राम गिंदवानिया में रहने वाला नितेश पिता परमेश्वर 18 वर्ष मजदूरी करता था। जूना नागदा से ट्रैक्टर ट्राली में ईंट भरकर चालक विक्रम के साथ उन्हेंल आ रहा था। उन्हेल फंटा पर अचानक संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर से नीचे आ गिरा। उसे घायल हालत में उपचार के लिए उज्जैन लाया गया। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

### शिप्रा नदी गऊघाट पर डूबा ग्वालियर का युवक

**उज्जैन।** दोस्तों के साथ गऊघाट शिप्रा नदी नहाने पहुंचा ग्वालियर का युवक गहरे पानी में चला गया। दोस्तों ने उसके डूबने की सूचना पुलिस को दी। करीब डेढ़ से 2 घंटे की तलाश के बाद युवक को बाहर निकल गया उसकी मौत हो चुकी थी। सोमवार को परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया दोपहर में गऊघाट स्थित शिप्रा नदी में एक युवक के डूबने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। युवक की तलाश के लिए होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। करीब डेढ़ से 2 घंटे की सर्चिंग के बाद युवक को बाहर निकाल लिया गया। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। दोस्त आदर्श कटारे ने बताया कि डूबा उसका साथी अंकुश पिता अशोक शर्मा 19 साल निवासी मुरैना ग्वालियर का रहने वाला था। वह उजड़खेड़ा स्थित आश्रम में रहकर वेदपाठी की शिक्षा प्राप्त कर रहा था। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। फिलहाल बॉडी पोस्टमार्टम कक्ष में रखी गई है।

## सीएम ने बेटियों के शौर्य को सराहा, प्रदर्शन के लिए किया आमंत्रित

**उज्जैन।** महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही उज्जैन की बालिकाओं ने इंदौर में अपने शौर्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। माय यूथ माय प्राइड थीम पर आयोजित मीट में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष बालिकाओं ने दंड प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने बालिकाओं के कौशल की सराहना करते हुए उन्हें अपना आशीष दिया और आगामी माह आयोजित होने वाली ग्लोबल मीट में भी दंड प्रदर्शन के लिए आमंत्रित किया। आयोजन के दौरान महू विधायक और पूर्व मंत्री उषा ठाकुर ने बालिकाओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि पर्यटन बोर्ड और कार्ड संस्था दोनों मिलकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में मुख्यमंत्री के सपने को साकार कर रहे हैं।




### 'स्था की महिलाओं के बीच समूह चर्चा हुई

कार्यक्रम के पश्चात इंदौर की अपराजिता संस्था और उज्जैन की कार्ड संस्था की महिलाओं के बीच समूह चर्चा हुई। इसमें महिलाओं ने अपने कार्यक्षेत्र के अनुभव साझा किए साथ मिलकर और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करेंगी। इस आयोजन में अमृता चतुर्वेदी, छवि कदम और नेहा गुप्ता सहित कुल 22 महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## बालमंच का 41वां स्थापना दिवस आज

**उज्जैन।** शहर की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्था बालमंच अपने 41वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य आजीवन उपलब्धि सम्मान समारोह का आयोजन करने जा रही है। यह गरिमामय कार्यक्रम आज सायं 6 बजे अभिनंग नाट्यगृह, कालिदास अकादमी में संपन्न होगा। संस्थाध्यक्ष नेहा दवे ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत उज्जैन की कला एवं साहित्य जगत की पांच विशिष्ट हस्तियों को उनके दीर्घकालीन योगदान के लिए आजीवन उपलब्धि सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। सम्मानित होने वाली प्रमुख विभूतियों में नृत्य क्षेत्र में राजकुमुद ठोलिया, साहित्य के डॉ. प्रमोद त्रिवेदी, कला संस्कृति के डॉ. शैलेन्द्र पराशर, वरिष्ठ रंगकर्मी शीला व्यास एवं वाद्ययंत्र विशेषज्ञ शंकरलाल चौहान शामिल हैं।

## कैसरबाग कॉलोनी में बांटे नि :शुल्क101 पौधे

- एक पेड़-एक परिवार अभियान के
- तहत हुआ आयोजन

**उज्जैन।** मक्सी रोड स्थित कैसरबाग कॉलोनी में सर्व श्री सनातन धर्म संस्कार जन कल्याण समिति द्वारा संचालित एक पेड़-एक परिवार अभियान के तहत 101 पौधों का नि:शुल्क वितरण कर पौधारोपण किया गया। समिति ने पूरे मध्य प्रदेश में 11 हजार पौधे बांटने और रोपने का संकल्प लिया है। मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री आनंद खींची रहे। विशिष्ट अतिथि महेंद्र व्यास ने भी पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल का आव्हान किया। समिति के पं. मनोज रावत ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना इस दौरान नीम, पीपल, तुलसी, बेलपत्र, आंवला, जामुन और जामफल सहित विभिन्न औषधीय व पर्यावरण हितैषी पौधे बांटे गए। कार्यक्रम में इंद्रमणि राजपूत, नवीन सोगानी, अनिल शर्मा, जगदीश पण्ड्या, दिनेश पण्ड्या, आशीष सोगानी, भारत सिंह देव सक्सेना, शंकर लाल मालव और टके सिंह सहित बड़ी संख्या में रहवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।




## सम्राट विक्रमादित्य विवि पहुंचे उच्च शिक्षा मंत्री

- मंत्री इंदरसिंह परमार ने छात्रों के
- स्टार्टअप और नवाचार को सराहा

**उज्जैन।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का दौरा कर विद्यार्थियों के नवाचारी कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने विश्वविद्यालय के बिजनेस एंड इनक्यूबेशन सेल की बैठक में स्टार्टअप संचालित कर रहे छात्रों से सीधा संवाद किया। भ्रमण के दौरान मंत्री परमार ने विद्यार्थियों द्वारा शुरू किए गए अभिनव स्टार्टअप्स ओम नक्षत्र सोलर प्लैनेट प्राइवेट लिमिटेड, सीसो के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय में नवाचार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। छात्रों को अपने विचारों को सफल व्यवसाय में बदलने के लिए जरूरी संसाधन और मार्गदर्शन उपलब्ध




### छात्रों को चुनौतियों के लिए कर रहे तैयार

कुलपति प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की उद्यमशीलता को तराशना है। इनक्यूबेशन सेल के जरिए छात्रों को उद्योग जगत की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है। पोषण पात्र, जल लक्ष्मी और कोड-डी-कोड जैसे प्रोजेक्ट्स यह साबित कर रहे हैं कि हमारे छात्र समाज की समस्याओं का समाधान खोजने में पूरी तरह सक्षम हैं।

**एक नजर में** — कलेक्टर, एसपी, निगम आयुक्त, मंदिर प्रसाशक संत महंत रहे मौजूद-हरित महाकुंभ की तैयारी शुरू

## नाम और राशि के साथ 1 करोड़ पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

**उज्जैन। महाकाल की नगरी उज्जैन में महाकुंभ (सिंहस्थ) 2028 की तैयारियों के तहत प्रस्तावित एक करोड़ पौधारोपण अभियान का शुभारंभ रविवार को बगलामुखी माता मंदिर परिसर से किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, नगर निगम, पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं संतजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।**

अभियान की सबसे विशेष बात यह रही कि पौधों का रोपण व्यक्तियों के नाम और राशि के अनुसार किया गया। पौधों की सुरक्षा के लिए उन पर जाली भी लगाई गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बटुकों ने भी पौधारोपण में सहभागिता निभाई, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक और पर्यावरण संरक्षण के संदेश से ओत-प्रोत हो गया।

भर्तृहरि गुफा एवं बगलामुखी माता मंदिर के पीठाधीश्वर महंत रामनाथ महाराज तथा ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर महंत महावीरनाथ महाराज ने बताया कि उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, अभिलाष मिश्रा, विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी तथा समाजसेवी अभय यादव सहित अन्य अतिथियों ने अपनी-अपनी राशि एवं नाम के अनुसार पौधों का रोपण किया।

महंतों ने बताया कि आगामी महाकुंभ को ध्यान में रखते हुए यहां विशाल अन्नक्षेत्र, आधुनिक भोजनशाला, भोजन निर्माण की मशीनें, गौशाला एवं धर्मशाला का निर्माण किया गया है। अन्नक्षेत्र का शुभारंभ 2 अप्रैल को किया जा चुका है। महाकुंभ-2028 में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को यहां आवास और भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके माध्यम से महाकाल की नगरी उज्जैन से सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देश-दुनिया तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

### ग्रीन सिंहस्थ की परिकल्पना

संतों ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना के अनुरूप महाकुंभ-2028 को हरित सिंहस्थ, ग्रीन सिंहस्थ और क्लीन सिंहस्थ बनाने की दिशा में यह अभियान प्रारंभ किया गया है। इसका उद्देश्य स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी महाकुंभ की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाना है। कार्यक्रम के बाद सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के लिए सहभोज का आयोजन भी किया गया। बगलामुखी माता मंदिर एवं खाटू श्याम मंदिर के साथ परिसर में दस महाविद्या माता मंदिरों की स्थापना भी की गई है, जहां अतिथियों ने दर्शन-पूजन किया।